होता रहा जैव विविधता का ह्रास तो जीवन होगा मुश्किल

जागरण संवाददाता, पटना : जैव विविधता को संरक्षित करना होगा। जैव विविधता का ह्रास होता रहा तो मानव का पृथ्वी पर रह पाना मुश्किल हो जाएगा। सभी को अपने स्तर पर जैव विविधता को बचाए रखने के बारे में सोचना पड़ेगा। सोमवार को संजय गांधी जैविक उद्यान के जू एजुकेशन हाल में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने ये बातें कहीं।

जैविक उद्यान में बच्चों को पुरस्कृत करते वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव अरविंद चौधरी ● जागरण

वे बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की ओर से अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर चित्रकारी और फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर 29 बच्चे पुरस्कृत किए गए। प्रधान सचिव ने कहा कि बच्चों की फोटोग्राफी और चित्रकारी आकर्षक है। भारत में अन्य देशों की तुलना में जैव विविधता की स्थिति अच्छी है। अभी सचेत नहीं होंगे तो कुछ दिनों में कई प्रकार की विविधताएं नजर नहीं आएंगी। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद ने पंचायत स्तर पर जैव विविधता पर्षद का गठन कर लिया है। इससे संरक्षण के कार्यों में तेजी आएगी।

इस अवसर पर बिहार राज्य जैव विविधता प्रबंधन समिति के सचिव डा. के. गणेश कुमार ने चल रहे कार्यों के बारे में बताया। हेरिटेज ट्री एप के माध्यम से राज्य के 50 वर्ष से अधिक उम्र के पेड़ों का डाटा तैयार किया जा रहा है। बीजू आम के संरक्षण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। दस हजार से अधिक बड़े पौधे तैयार किए गए हैं। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक विकास सीपी खंडूजा, प्रभात कुमार गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, जू निदेशक सत्यजीत कुमार आदि मौजूद थे।

पर्यावरण के प्रति छात्राओं को किया गया जागरूक

जागरण संवाददाता, पटना: पटना वीमेंस कालेज सृष्टि क्लब एवं इको टास्क फोर्स ने तरूमित्र के सहयोग से सोमवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर एनसीसी महिला बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमित सिन्हा, शशिकांत कुमार फादर राबर्ट एथिकल, इको टास्क फोर्स की उपाध्यक्ष शोभा श्रीवास्तव एवं सृष्टि क्लब संचालक मिनाक्षी मिश्रा (भूगोल विभाग) ने विचार व्यक्त किया। "बिल्डिंग अ शेयर्ड फ्यूचर फॉर ऑल लाइफ" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।